**मीडिया समन्वयक कार्यालय**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 24 अप्रैल 2018

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया स्कूल की दसवीं कक्षा के नतीजे जारी

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः के स्कूलों की दसवीं कक्षा की बोर्ड की साल 2018 में हुई परीक्षाओं के नतीजे आज जारी कर दिए गए।

जेएमआई स्कूलों की दसवीं की आखिरी परीक्षा होने के 21 दिन के रिकार्ड समय में यह नतीजे जारी कर दिए गए हैं। ये परिणाम डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जेएमआईसीओई.आईएन पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि देश की बोर्ड परीक्षाओं में जेएमआई बोर्ड ने सबसे पहले दसवीं कक्षा के इम्तेहानों के नतीजे जारी किए हैं।

इन परीक्षाओं में 537 छात्रों ने इम्तेहान दिया जिनमें 236 लड़कियां और 301 लड़के हैं। इनमें 85.04 प्रतिशत लड़के और 92.37 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण रहे। 127 लड़कियों और 131 लड़कों ने विभिन्न विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल की।

जेएमआई स्कूलों के बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी विश्वविद्यालय की वेब्साइट पर जल्द जारी किए जाएंगे।

नतीजे जल्दी जारी करने के लिए जेएमआई के वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद ने परीक्षा नियंत्रक प्रमुख डा. ए ए ए फ़ैज़ी को बधाई देते हुए कहा कि इससे बच्चों को अपनी आगे की पढ़ाई के विषय चुनने के लिए अच्छा समय मिल जाएगा।

**प्रोफेसर साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**